nandgaon times 21nov-3.qxd 11/20/2024 11:57 PM Page 1

किसानों की सुविधा के लिए जिले में... पृष्ठ 2 | देश के किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


गुरूवार, 21 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 39, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## जवानों और किसानों से ही धान का कटोरा है सुरक्षित और समृद्ध - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने सीआरपीएफ़ बस्तरिया बटालियन की जवान प्रमिका दुग्गा की मां से फोन पर की बात



**रायपुर।** आपकी बेटी यहां बहुत अच्छे से रह रही है और देश सेवा में लगी हुई है। अभी आपकी बेटी से मिला हूं... मैं जब भी नारायणपुर आऊंगा तब आप सभी से मुलाकात करूंगा। जवानों और किसानों से ही धान का कटोरा सुरक्षित और समृद्ध है। जवान और किसान हमारे देश के दो मजबूत स्तंभ हैं और जय जवान-जय किसान का भाव हम सभी के हृदय में है। एक ओर जहां जवान देश की सुरक्षा में डटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर अन्नदाता किसान हैं, जो हमारी अन्न की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। यह संवाद ऐसा लग रहा था, मानों घर से दूर कोई अपना उनकी बेटी से मिला और इसकी खबर उन्हें दे रहा हो। बस्तर जिले के सेडवा स्थित सीआरपीएफ के बस्तरिया बटालियन में रात्रि विश्राम कर अगले दिन सुबह लौटने के दौरान मुख्यमंत्री ने कैंप में जवानों से विदा लेते समय बस्तरिया बटालियन की जवान प्रमिका दुग्गा से उसका हाल-चाल पूछा। बातचीत के बीच मुख्यमंत्री ने उसके परिजनों से बात करने की इच्छा जताई। इस पर प्रमिका ने मोबाइल से अपनी मां श्रीमती मोतीबाई को फोन लगाया और मुख्यमंत्री से बात कराई। मुख्यमंत्री श्री साय ने मोबाइल पर बात करते हुए प्रमिका की मां से घर के सभी सदस्यों का हाल-चाल जाना और सभी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बड़े अपनेपन से प्रमिका की मां से खेतों में धान की कटाई के बारे में भी पूछा। मुख्यमंत्री ने बातचीत के दौरान परिवार द्वारा उगाए जाने वाले फसलों की जानकारी ली और खेती-किसानी के संबंध में ढेर सारी बातें की। मुख्यमंत्री ने बातचीत के दौरान विनोद में श्रीमती मोती बाई से उनके घर आने पर चापड़ा चटनी खिलाने की बात पूछी, तो उन्होंने मुख्यमंत्री से सहज भाव से कहा कि आपको चापड़ा चटनी जरूर खिलाऊंगी। मुख्यमंत्री ने प्रमिका की मां को प्रणाम करते हुए बातचीत को समाप्त किया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कैंप में जवानों के साथ खुशनुमा समय व्यतीत किया। जवानों के साथ उन्होंने रात का भोजन किया। उन्होंने जवानों को भोजन भी परोसा। उनकी सादगी, व्यवहार और अपनेपन ने सभी जवानों का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री श्री साय और बस्तरिया बटालियन की जवान प्रमिका की मां के बीच मोबाइल पर बात सुनकर सभी जवानों के मन में यही भाव था कि मुख्यमंत्री न केवल अपने जवानों की, बल्कि घर से दूर उनके परिवारों की भी उतनी ही चिंता करते हैं। प्रदेश के संवेदनशील मुखिया श्री विष्णु देव साय का सरोकार एवं जुड़ाव सभी किसानों और जवानों के साथ ही उनके परिवारों से भी समान रूप से है। अतिथि सत्कार और अपने अतिथि को उनके मनपसंद व्यंजन खिलाने की संस्कृति भी हमारी परंपरा में है। यही बात मुख्यमंत्री और श्रीमती मोती बाई के बीच चापड़ा चटनी को लेकर हुई बातचीत में भी नजर आई। मुख्यमंत्री ने जवान की मां को प्रणाम कर बातचीत खत्म की, मानो कोई अपने किसी बड़े से बेहद आत्मीयता और सम्मान से बात कर रहा हो। मुख्यमंत्री का यह व्यवहार और अपनापन जवानों व किसानों के प्रति उनके मन में समाहित गहरे सम्मान की भावना को व्यक्त करता है।

## डुमरडीहकला में चंडी महायज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत की तैयारी जोरों पर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के डुमरडीह कला में चंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत की तैयारी जोरों पर है। इस संबंध में सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि 2 दिसंबर सोमवार को कलश यात्रा के साथ चंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ होगा। 3 दिसंबर को शिव-नारद संवाद, साष्टि निरूपण, मधु कैटभ की कथा, सुग्रीव अवतार, 4 दिसंबर, दिन-बुधवार को व्यास तपस्या, शुकदेव जन्म, बुध्द की कथा, सुद्युनम-ईला चरित्र की कथा, 5 दिसंबर, दिन-गुरुवार ब्रम्हा-विष्णु-महेश की दीक्षा, महरुद्राणी की कथा, प्रहलाद चरित्र, 6 दिसंबर, दिन-शुक्रवार संपूर्ण महाभारत की कथा, ध्रुवसंधि की कथा, सुदर्शन चरित्र की कथा, 7 दिसंबर, दिन-शनिवार नवरात्र पूजन विधान, कुंवारी पूजन विधान, सुशिल वैश्य की कथा, राम की शक्ति पुहंच, 8 दिसंबर, दिन-रविवार को नर नारायण की कथा, भृगुश्राप, चौक्सि अवतार की कथा, 9 दिसंबर, दिन-सोमवार को महिसासुर की कथा, रक्त बीज वध, चंड-मुंड वध, शुंभ-निशुंभ वध, सभी दैत्यों का वध, सुरथ-समाधी की कथा एवं चधौत्री, 10 दिसंबर, दिन-मंगलवार को गीता प्रवचन, गीता दान, विल्व वर्षा, महाप्रसादी व भंडारा किया जाएगा। चंडी यज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पाण्डेय, श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर श्रीमुख से संपन्न होगा। चंडी यज्ञ सुबह 8 बजे 10 बजे तक शाम 6 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा व श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने समस्त धर्मप्रेमियों से इस चंडी यज्ञ व पावन कथा में शामिल होने की अपील की है।



## गुयाना के राष्ट्रपति ने गले लगाकर किया पीएम मोदी का स्वागत

अरविन्द तिवारी

**जॉर्जटाउन ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्राजील के जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब अपनी तीन देशों की पंचदिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में आज गुयाना पहुंच चुके हैं। यहां जॉर्जटाउन पहुंचने पर हवाई अड्डे पर गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने पीएम मोदी को गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान एक दर्जन से भी अधिक कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे , सभी ने पीएम मोदी का आत्मिय स्वागत किया। गुयाना पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथ में तिरंगा झंड़ा और बैच लगाये हुये भारतीयों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में गुयाना में रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया , जहां भारतीय पोशाक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रधानमंत्री ने आनंद उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुयाना के जॉर्जटाउन में औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे छप्पन सालों में गुयाना जाने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं , जो गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के निमंत्रण पर यहां पहुंचे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गुयाना की यात्रा की थी।गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने गुयाना के चार मंत्रियों , ग्रेनेडा के प्रधानमंत्री और बारबाडोस के प्रधानमंत्री के साथ गुयाना के जॉर्जटाउन स्थित एक होटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी को भारत-गुयाना के घनिष्ठ संबंधों के प्रमाण के रूप में जॉर्जटाउन शहर की चाबी भी सौंपी गई। अपनी यात्रा के दौरान मोदी राष्ट्रपति अली से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच अनूठे संबंधों को रणनीतिक दिशा देने पर विचार विमर्श करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी गुयाना की संसद की विशेष बैठक को संबोधित करेंगे , इसके अलावा वे दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं के साथ भी शामिल होंगे। गुयाना और बारबाडोस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना प्रधानमंत्री अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस प्रदान करेगा , वहीं बारबाडोस बारबाडोस के प्रतिष्ठित मानद ऑर्डर ऑफ फ्रीडम से सम्मानित करेगा। यहां सभी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत लौट जायेंगे।



## इंदिरा नगर वार्ड 41 झूलेलाल वार्ड में आज उद्यान (गार्डन ) का लोकार्पण समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के झूलेलाल वार्ड नंबर 41 स्थित हास्पिटल कालोनी गौरव पथ मार्ग पर राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 25 लाख रुपये लागत से भव्य उद्यान निर्माण कार्य किया गया है।क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 25 लाख रुपये खर्च कर बनाया गया उद्यान का लोकार्पण कार्यक्रम समारोह शहर के प्रथम नागरिक एवं वार्ड नंबर 05 के पार्षद श्रीमती हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य, श्री हरिनारायण(पप्पू) धकेता सभापति नगर पालिक निगम राजनांदगांव के अध्यक्षा में , श्री किसुन यदू नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव, श्री मधुकर बंजारी प्रभारी सदस्य लोककर्म विभाग नगर पालिक निगम राजनांदगांव, श्री राजेश गुप्ता चंपू पार्षद वार्ड नंबर 41 इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड के गरिमामय उपास्थि व करकमलों से दिनांक 21/ 11 /2024 दिन गुरुवार समय 12 बजे सम्पन्न किया जायेगा। क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने उद्यान लोकार्पण कार्यक्रम समारोह के अवसर पर वार्डवासियों से बड़ी संख्या में उपास्थित होने की अपील की है।








## 13 दिवसीय धार्मिक तीर्थ दर्शन यात्रा विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि सद्गुरु कृपा बिन सुलभ न सोई सद्गुरु सुधांशु जी महाराज अपने भक्तों के पथ प्रदर्शक है सद्गुरु जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं जीवन जीने की कला के साथ प्रभु से जोड़ते हैं प्रात: स्मरणीय परम पूज्य सद्गुरुदेव सुधांशु जी महाराज के आशीर्वाद एवं दिव्य प्रेरणा से विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा कार्तिक पूर्णिमा तृतीया से कार्तिक पूर्णिमा तक 13 दिवसीय धार्मिक तीर्थ दर्शन यात्रा में सद्गुरु भक्तों ने संस्था अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कि गई जिसमें सर्वप्रथम प्रभु श्री राम वन पथगमन चित्रकूट धाम दर्शन यात्रा करते हुए प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की बाल छवि के दिव्य मनमोहक अलौकिक दर्शन कर अपने जीवन को धन-धन्य किया तत्पश्चात प्रयागराज में गंगा यमुना सरस्वती त्रिवेणी संगम के दर्शन पूजन एवं संगम में आस्था की डुबकी लगाई बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में काशी के कोतवाल भैरव बाबा दर्शन एवं बाबा विश्वनाथ के दिव्य अनुपम दर्शन पूजन कर 84 घाट परिक्रमा कर संध्याकालीन मां गंगा की दिव्य आरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा 5 वीं तीर्थ दर्शन यात्रा थी भक्तों ने कहा कि यह सारा प्रताप पूज्य गुरुदेव सुधांशु जी महाराज के सानिध्य का पुण्य फल है कि हम सभी भक्तों को कार्तिक मास में विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल में तीर्थ दर्शन यात्रा का लाभ मिला है ।



## दीवान झीटिया के ग्रामीणों की हुई जीत

### 6 घंटे तक खेत का सीमांकन किया, अवैध कब्जा को हटाने सरपंच ग्राम पंचायत को आदेश दिया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम दीवान झीटिया के किसानों और ग्राम वासियों ने खेत खलिहान में आने जाने के लिए रास्ता को लेकर 19 नवंबर को तहसील कार्यालय का घेराव किया था घेराव के दूसरे दिन 20 नवंबर को राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार झरना राजपुत आर आई विरेंद्र तिवारी यसवंत साहू और पटवारी अजय सिंह राणा नीरज दिवेदी ममता कंवर की उपस्थिती में खेत पहुंच कर ग्रामीणों के समक्ष ग्राम दीवान झीटिया के ग्राम प्रमुख मंशा राम यदु ग्राम पटेल देवलाल साहू दीनू सिन्हा संतोष साहू तथा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष नाप कर आने जाने के लिए 20 डिसमिल रास्ता चिन्हांकित किया गया धान कटाई के बाद ग्राम के फिरतु यादव ने खेत जाने के मार्ग को रोक कर खेत में पानी डाल दिया था जिससे अन्य किसानो को धान कटाई और आने जाने में कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा था जिससे ग्रामीणों ने एस डी एम और तहसिलदार को कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा गया था 20 नवंबर को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंच कर कार्यवाही करते हुए नाला से लगे शासकीय जमीन को नाप कर अलग करके सभी किसानो के खेत को एक बार फिर पटवारी द्वारा 6 घंटे तक नाप कर सभी किसानो को खेत जाने के लिए रास्ता दिया गया नायब तहसीलदार झरना राजपुत ने बताया है कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा गौठान से लगा हुआ अवैध मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है जिनकी शिकायत दर्ज हुई थी जिस पर ग्राम पंचायत के सरपंच को गांव में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों के अनुसार कार्यवाही करने का आदेश किया है लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद में ग्रामीणों की जीत हुई है।

**नायब तहसीलदार आर आई और पटवारी ने खेत जाने के लिए रास्ता देकर चिन्हांकित किया**



# किसानों की सुविधा के लिए जिले में माइक्रो एटीएम की नई सुविधा की शुरूआत

## जिले के किसानों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से शीघ्र राशि मिल जाने पर खुशी एवं उत्साह, किसानों ने समर्थन मूल्य धान खरीदी तथा धान उपार्जन केन्द्रों में अच्छी सुविधाएं मिलने पर शासन को दिया धन्यवाद







राजनांदगांव (**नांदगांव टाइम्स**)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेज गति से जारी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में नई सुविधा की शुरूआत की गई हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम लगाये गए हैं। माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन 10 हजार रूपए अधिकतम आहरण की सीमा निर्धारित है। जिले के किसानों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से शीघ्र राशि मिल जाने पर खुशी एवं उत्साह है। किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तथा धान उपार्जन केन्द्रों में अच्छी सुविधाएं मिलने पर शासन को धन्यवाद दिया। सभी समितियों में माइक्रो एटीएम का अच्छी तरह का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। राजनांदगांव जिले में अब तक 450 किसानों द्वारा 22 लाख रूपए का लेन-देन किया जा चुका है। माइक्रो एटीएम में किसानों द्वारा नगद आहरण, जमा, खातों के बैलेंस की जानकारी, नया एटीएम पिन बनाना तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के खातों में राशि ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध है। माइक्रो एटीएम नार्मल एटीएम की तरह कार्य करता है। सोसायटी का माइक्रो एटीएम में आईडी एवं पासवर्ड एंटर करने के बाद यह कार्य करता है, इसके माध्यम से किसानों को राशि आहरण की सुविधा मिल रही है।

धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में किसानों में धान उत्सव को लेकर हर्ष व्याप्त है। ग्राम धौराभांठा से किसान सिमरन जीत 120 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि तुमड़ीबोड़ में इलेक्ट्रानिक कांटा बाट के माध्यम से धान की तौलाई की जा रही है। वे अपने पिता जतिन्द्र सिंह के साथ आए थे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों का धान खरीदने से किसानों को एक संबल मिला है। उन्होंने इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। यहां साफ-सफाई पेयजल की बहुत अच्छी व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि रबी सीजन में गेहूं एवं चना की फसल लेंगे। ग्राम बांकल से आए किसान श्री दिलीप पाल ने कहा कि वे 46 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर आए हैं। धान की बिक्री करने के बाद प्राप्त राशि से उनकी आजीविका के साथ ही खेती-किसानों के अन्य कार्य में यह राशि मददगार बनेगी। किसान श्री लेखन राम सिन्हा 62 क्विंटल धान लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाईन टोकन कटाने से उन्हें लंबी लाईन लगाने से मुक्ति मिली और यह सुविधाजनक रहा। ग्राम खैरी से आए किसान श्री प्यारे लाल वर्मा एवं धौराभांठा से आए किसान श्री मोहन ने वहां उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ अंतर्गत ग्राम आरगांव, आलीखूटा, कोपेडीह, खैरी, गिधवा, तिलईवार, तुमड़ीबोड़, धनगांव, धौराभांठा, पेटेश्री, बम्हनी, बरहापुर, बांकल, बोदेला, मचानपार, सिवनीखुर्द ग्राम शामिल है। धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 2181, कुल रकबा 2445.149 हेक्टेयर, धान का रकबा 2337.019 हेक्टेयर है। किसानों को यह जानकारी दी जा रही है कि किसान अपनी टोकन पर्ची, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक का पासबुक की प्रति लेकर आए। धान उपार्जन केन्द्रों में मोटा, सरना एवं पतला धान की खरीदी की जा रही है। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत कृषकों से बायोमैट्रिक आधार एथेन्टीकिकेशन के माध्यम से खरीदी की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ की,मम्तेश्वरी लहरे, जन्हावी यादव व बालक वर्ग में मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन

## जूनियर बालक/बालिका का साई एन सी ओ ई सेलेक्शन ट्रायल हेतु

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाडी कु.मम्तेश्वरी लहरे जन्हावी यादव व बालक वर्ग में मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन जूनियर बालक/बालिका का चयन साई एन सी ओ ई के सलेक्शन ट्रायल के लिए किया गया है। यह सलेक्शन ट्रायल बालक वर्ग का 03 से 11 दिसंबर 2024 तक बैंगलोर में और बालिका वर्ग का 16 से 24 दिसंबर 2024 तक बैंगलूरू में आयोजित है। बालक वर्ग में 39 और बालिका वर्ग में 40 खिलाड़ियों का चयन उक्त ट्रायल हेतु किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे जन्हावी यादव का साई एन सी ओ ई सलेक्शन ट्रायल के लिए चयन विगत दिनो आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया



जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 30 अक्टूबर से 10 नवम्बर 2024 स्थान रॉची (झारखण्ड) में उनके उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर तथा मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन विगत दिनों आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालक हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 09 से 19 सितम्बर 2024 स्थान जलांधर (पंजाब) में उनके उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे स्पोटर्स अकादमी रायपुर में व जन्हावी यादव और संदीप कुमार खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर में प्रशिक्षणरत है तथा मोहित नायक वर्तमान में नवल टाटा हॉकी एकेडमी जमशेदपुर में प्रशिक्षणरत है। सभी खिलाडियों की इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह ,महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु पूर्व राजगामी अध्यक्ष रमेश पटेल छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धीन सोलंकी नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलम चंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव,महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटीया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी,श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# महाराष्ट्र और झारखंड में खिलेगा कमल - मो. इरफान शेख

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा का लहराएगा परचम - हैरी जोसेफ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान और जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ समवेत तौर पर अपने एक जारी बयान में कहा कि महाराष्ट्र में 288 सीटों वाले विधानसभा महाराष्ट्र के लिए हो रहे आम चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत से जीतकर सरकार बनाएगी। इसी तरह झारखंड में 81 सीट वाले झारखंड विधानसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में भी भाजपा अपने प्रतिद्वंद्वी पार्टी को करारी शिकस्त देकर फतह हासिल करेगी। स्पष्ट बहुमत से पूर्ण बहुमत से सरकार वहां भी बनेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आम चुनाव में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजधानी रायपुर के दक्षिण सीट के लिए उपचुनाव में हुए भाजपा प्रत्याशी को अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी को पाठकनी दे रहे हैं। इरफान शेख और हैरी जोसेफ ने आगे कहा कि देश में 50 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस ने देश को दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी पीछे धकेल दिया था। देश के विकास में कांग्रेस का योगदान नींदनीय रहा है। आजादी के दसको बाद अस्तित्व में आई भाजपा ने देश की चिंता करते हुए राज्यों और केंद्र में सरकार बनाने के साथ पूरी ईमानदारी और सूझबूझ से काम करते हुए अपना जनाधार बढ़ाया है। आज स्थिति ऐसी है कि यह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था के रूप में जानी पहचानी जाती है। केंद्र में 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार ने जनहितैषी योजनाएं लाते हुए राष्ट्रीय हितैषी योजनाएं लाते हुए दुनिया में भी अपनी शाखा बढ़ाई है। आज भारत सर्वांगीण विकास करते हुए दुनिया में सिरमौर बना हुआ है। विश्व व्यापी कोरोना महामारी के समय भी दुनिया को भारत की जरूरत पड़ी आज भारत विश्व के सबसे शक्तिशाली देश में से एक है और अंतरिक्ष में भी हमारे देश की अच्छी पैठ बन चुकी है। लेकिन दुख की बात यह है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों देश की राजनीति में अस्थिरता पैदा करने की लगातार कोशिश कर रही है।

## महापौर निधि व पार्षद निधि तथा कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिये महापौर ने राशि आबंटित करने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति के आधार पर



कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं लंबित देयक के भुगतान हेतु 9 करोड 40 लाख रूपये आबंटित करने मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने महापौर निधि एवं पार्षद निधि आबंटित करने की भी मांग की है।महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नही हो पा रही है, जिसके कारण निगम की आर्थिक स्थिति सृदृढ़ नहीं है। राशि के आभाव में निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 3 माह का वेतन भुगातन लंबित है, जिस कारण से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। दीपावली त्यौहार में भी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है, तथा पार्षदों का मानदेय 9 माह से अप्राप्त है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में उल्लेख किया है कि निगम की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखकर माह अगस्त से अक्टूबर 2024 तक नियमित अधिकारी कर्मचारी के लिये 5 करोड 18 लाख 12 हजार रूपये तथा प्लेसमेंट कर्मचारी के लिये 3 करोड 39 लाख 8 हजार रूपये एवं पार्षदगणों का मानदेय 82 लाख 80 हजार रूपये कुल 9 करोड 40 लाख रूपये अंतर की राशि अनटाईटड फेड से आबंटित करने माननीय मुख्यमंत्री जी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया है। इसके अलावा महापौर श्रीमती देशमुख ने महापौर निधि एवं पार्षद निधि आबंटित करने भी पत्र प्रेषित किया है, पत्र में उन्होने लिखा है कि महापौर एवं पार्षदों को अपने अपने वार्डो में विकास कार्य कराने प्रतिवर्ष महापौर एवं पार्षद निधि आबंटित किया जाता है, किन्तु इस वर्ष निधि प्राप्त नही हुई है, जिससे वार्डो में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।

## शासकीय आईटीआई राजनांदगांव में 21 नवम्बर को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 21 नवम्बर सुबह 9 बजे से मेसर्स स्ट्राइकरूट मेटाल बिल्डिंग सिस्टम (यूनिट-2) खसरा नंबर 1537 इंडस्ट्रियल ग्रोथ बोराई जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। सभी शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के व्यवसाय फिटर ग्राइंडर, वेल्डर तथा विद्युतकार के वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी अपने समस्तशैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ शामिल हो सकते हैं।

**शुभांक**

**3-5-0**

**557-7 770-4**

**भाग्यांक**

**133-7 126-9**

# छत्तीसगढ़ स्तरीय साहू यूवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 नवंबर को साहू सदन में

डोंगरगांव, राजनादगांव (**नांदगांव टाइम्स**)। जिला साहू संघ द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन* का आयोजन 24 नवम्बर रविवार को स्थान साहू सदन में किया जा रहा है।जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष भागवत साहू एवं महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि रविवार दिनांक 24नवंबर को प्रात:10 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी की पूजा - अर्चना एवं आरती होगी, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन एवं उद्बोधन तथा सामाजिक परिचायिका सामाजिक दर्पण का विमोचन किया जायेगा।जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं नीलमणी साहू ने बताया कि ,24 नवंबर 2024 रविवार को परंपरागत रूप से होने वाले राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है आयोजन में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ.रमन सिंह उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ,उप मुख्यमंत्री अरुण साव सांसद संतोष पांडे, महापौर हेमा देशमुख छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू सहित अन्य मंत्री व विधायकगण, स्वजातीय विधायक अपनी गरिमामय उपास्थि प्रदान करेंगे। जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने 24 नवंबर रविवार को होने वाले वृहद राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन समारोह में समस्त पदाधिकारीगण, प्रमुख सलाहकार,सभी उपाध्यक्षद्वय ,संगठन सचिव ,सहसचिव ,कोषाध्यक्ष,उपको षाध्यक्ष,अंकेक्षक,सभी प्रकोष्ठ के संयोजकों - सचिवों एवं सामाजिक बंधुओं से उपास्थि की अपील की है, साथ ही उन्होंने बताया कि इस दौरान अनेक जोड़ो का आयोजन स्थल पर ही चट मंगनी पट ब्याह के तर्ज पर विवाह संपन्न कराने का प्रयास होगा।महामंत्री नीलमणी साहू के अनुसार इस दौरान समाज के प्रतिभाशाली लोगों का मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। महामंत्री नीलमणी साहू बताया कि परिचय सम्मेलन की समस्त पंजीयन विज्ञापन प्रिंटिंग कार्य पूर्णता के लिए 13 नवंबर बुधवार से 17 नवंबर रविवार तक, साहू सदन- राजनांदगांव में भी प्रिंटिंग डिजाइनर की टीम डिजाइनिंग करेंगी। पंजीयन युवक - युवती एवं विज्ञापन की अंतिम तिथि 17 नवंबर रविवार तक ही स्वीकार किए जाएंगे ।महामंत्री नीलमणी साहू ने स्वजातीय जनों से विनम्र निवेदन करते हुए,युवक युवती पंजीयन एवं पारिवारिक व सामाजिक क्षेत्रों की विज्ञापन ग्राम परिक्षेत्र तहसील एवं अन्य सामाजिक प्रतिष्ठानों से प्राप्त कर जिला साहू संघ के साहू सदन में जमा करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया है।

## करदाताओं की सुविधा के लिये निगम में यू.पी.आई की सुविधा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में शत प्रतिशत राजस्व वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑन लाईन संधारण तथा यू.पी.आई. से करो की वसूली हेतु निगम का क्यू.आर कोड जारी किया गया है, जिसके माध्यम से वसूली कर्ता करदाताओं से मोबाईल से निगम के क्यू.आर कोड से करों का भुगतान करने प्रेरित करेंगे। नगर निगम द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली के लिये डिमाण्ड दुरूस्तीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत कर दाताओं के घर व प्रतिष्ठान के पास जाकर मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया गया और पूर्व के डिमाण्ड से मिलान की गयी, डिमाण्ड मिलान करने पर भिन्नता पाये जाने पर वर्तमान सत्यापन के आधार पर डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है। साथ ही जिन घरों का डिमाण्ड में दर्ज नहीं है उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी समय समय पर उपायुक्त श्री मोबिन अली तथा राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन द्वारा समीक्षा कर डिमाण्ड दुरूस्त कराया जा रहा है।

# गांधी परिवार ने देश सेवा में अपना पुरा जीवन लगा दिया

## पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई



**डोंगरगाव ,राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा हर्सोउलास पूर्वक मनाई गई। शहर में आयोजित इस जयंती कार्यक्रम में प्रखर वक्ता के रूप में जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि आज जो बांग्लादेश का अस्तित्व है। वह इंदिरा गांधी की ही देन है। प्रारंभ में यह पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था। जो मौजूदा पाकिस्तान के कब्जे में था श्रीमती गांधी ने अपने विवेक से इसे अलग देश के रूप में अस्तित्व में लाया। भारतीय सेना को भेजकर उन्होंने बांग्लादेश के रूप में अलग देश बनवाया उसके बाद कई दशक तक बांग्लादेश और भारत के दोस्ताना संबंध बुलाया नहीं जा सकते हैं। इंदिरा गांधी ने महिला उत्थान और किसानों का जीवन स्तर उठाने के लिए भी उल्लेखनीय योगदान दिया देश में जितने भी बड़े बांध है वह सब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में बनाए गए हैं। जिससे आज तक लाखों किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। हर साल उनकी फसल लहराती है। और किसानों के घर खुशहाली आती है। पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में उनके सुपुत्र राजीव गांधी का भी इस देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। कंप्यूटर क्रांति जो आज हम देख रहे हैं। जिसके बिना कोई भी काम संभव प्रतीत नहीं होता वह राजीव गांधी की ही देना है। श्रीमती इंदिरा गांधी की बहू और राजीव गांधी की धर्मपत्नी सोनिया गांधी ने भी देश की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लंबे अरसे तक देश को नई दिशा दी उनके बाद सोनिया गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी भी आज देश को नई दिशा देने के प्रयास में लंबी-लंबी यात्राएं की। श्रीमती गांधी की सुपुत्री और इंदिरा गांधी की पोती प्रियंका गांधी भी देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर चुकी है। इस तरह गांधी परिवार ही एक ऐसा परिवार है। जिसने देश सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बनाई है। ऐसे परिवार को कांग्रेस कभी नहीं भूल सकता और उनका सदैव आभारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला अध्यक्ष मोती साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज बांधव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, महामंत्री मदन साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस,अजय मारकंडे प्रभारी महामंत्री, प्रकाश ठाकुर, सचिव गुलशन कुमार एवं जिला कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रतनभाट सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बने दीनदयाल साहू

**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजनांदगांव रमेश पटेल साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल के निर्देशन में सेवा सहकारी समिति मर्यादित रतनभाट क्र. 1308 का अध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू को मनोनीत किया गया। दीनदयाल साहू भाजपा पि.व.मो.के पूर्व जिलाध्यक्ष है साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष भी हैं। दीनदयाल साहू ने कहा कि भाजपा कि विष्णु देव साय कि सरकार हमेशा किसानों के हित में काम कर रही है और विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है।हम पुरे टीम भावना के साथ सेवा सहकारी समिति मर्या. रतनभाट का संचालन करेंगे। इनकी नियुक्ति पर कुमर्दा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, हिरेंद्र साहू जि.अ.किसान मो.कैलाश शर्मा, अनिरुद्ध चंद्राकर,किसुन साहू, गोपाल साहू, सुन्दर साहू, अनंत तिवारी, एकांत चंद्राकर, मुकेश साहू,हिरदे देवांगन,कंशू यादव,सुमीत मंडावी, भूपेंद्र नायक, हिरेंद्र चंद्रवंशी,रूपेश साहू,चंदू पटेल,डामन साहू, गोपाल भुआर्य, गोविन्द साहू लक्ष्मण साहू नीलकंठ साहू,पूरी गोस्वामी,शिवम, विकास, दिलीप, मनीष साहू सहित सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठो के कार्यकताओं ने बधाई दी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई - छुईखदान, जिला-खैरागढ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

साकिन- खैरानवापारा
रा.प्र.क./202411290400004/31-02
वर्ष 2024-25

एतद द्वारा जरिये ईश्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरोत्तम जंघेल पिता चंद्रेश जंघेल, जाति- लोधी, निवासी ग्राम खैरानवापारा, तहसील- छुईखदान द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम-खैरानवापारा, प.ह.नं. 04, तहसील-छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं 348/13 रकबा 0.073हे. को औद्योगिक प्रयोजन (कृषि यंत्र निर्माण) हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनाक 21.11.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.11.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई छुईखदान**

nandgaon times 21nov-3.qxd 11/20/2024 11:58 PM Page 3



# देश के किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं - एस.एन.विश्वकर्मा

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )** - देश में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और इसे दबाने की कोशिश करने वालों के खिलाफसख्त कदम उठाये जायेंगे। देश में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नही किया जायेगा। संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा करना और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करना है। उक्त बातें इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एन. विश्वकर्मा ने अरविन्द तिवारी से चर्चा करते हुये कहा। उन्होंने संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यह संगठन वर्तमान में चौदह राज्यों और उत्तरप्रदेश के चालीस जिलों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। संगठन पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफन्याय दिलाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन जल्द ही देश के सभी राज्यों में विस्तार करेगा , इस संगठन का लक्ष्य आने वाले समय में देश के हर राज्य और जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन गरीब और कमजोर तबके के लोगों को न्याय दिलाने के लिये भी काम कर रहा है। संगठन ने दस अलग-अलग प्रकोष्ठ बनाये हैं जो एक-दूसरे का पूरक बनकर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि स्थाई सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की गई है। रजिस्ट्रेशन के चौबीस घंटे के भीतर सदस्य को उसका परिचय पत्र पीडीएफ के रूप में भेज दिया जाता है। उन्होंने संगठन के कार्यों की जानकारी देते हुये कहा कि पदाधिकारी दिन-रात संगठन के सदस्यों की सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर के पदाधिकारी नियमित रूप से जिलों का दौरा करते हैं और संगठन के विस्तार के लिये काम कर रहे हैं। संगठन के कार्यों और नीतियों को सुचारू रूप से लागू करने के लिये सप्ताह में दो बार वर्चुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है , जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भाग लेते हैं। संगठन विस्तार के लिये हर जिले में पदाधिकारी दौरा कर रहे हैं और संगठन की गतिविधियों को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। संगठन के सभी सदस्य और पदाधिकारी एकजूट होकर अन्याय के खिलाफ खड़े हैं और न्याय सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन पत्रकारों के उत्पीड़न और उनके अधिकारों के हनन के खिलाफकड़े कदम उठाने में पीछे नहीं हटेगा। संगठन का मानना है कि पत्रकारिता का कार्य समाज में सत्य और न्याय की स्थापना करना है और इसे सुरक्षित रखना सभी का कर्तव्य है। इंडियन कौंसिल ऑफप्रेस ने पत्रकारों के समर्थन और सुरक्षा के लिये अपनी प्रतिबद्धता जताई है। संगठन ने यह संदेश दिया है कि वह हर पत्रकार के साथ खड़ा रहेगा और उनके हितों की रक्षा के लिये हर संभव प्रयास करेगा।

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में, पुलिस स्मृति दिवस 2024 कब मनाया गया?*

*2) हाल ही में चर्चा में रहे सागर कवच का संबंध किससे है?*

*3) हाल ही में, मेरा होउ चोंगबा महोत्सव 2024 कहाँ मनाया गया?*

*4) हाल ही में, लद्दाख के काकसर ब्रिज का नाम बदलकर क्या रखा गया है?*

*5) हाल ही में, अतनु दास ने स्विस ओपन इंडोर तीरंदाजी में कौन सा पदक जीता है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) 21 अक्टूबर (2) भारतीय तटरक्षक बल (3) मणिपुर (4) कैप्टन अमित भारद्वाज सेतु (5) कांस्य पदक

## विद्यार्थियों में निहित प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने एवं कमियों को दूर करने का करें प्रयास - कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, समस्त प्राचार्य हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की बैठक डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक में विभाग से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अपार आईडी, यू-डाईस सुधार, बोर्ड परीक्षाओं जैसी विभिन्न कार्य की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो, यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उनकी प्रतिभा को निखारने एवं कमियों को दूर करने का प्रयास करने कहा। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के अभिभावक की भूमिका निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों में संकोच समाप्त करने के लिए प्रश्न पूछने की क्षमता का विकास करना होगा। साथ ही अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने कहा और स्कूलों में न्यौता भोज को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ करने के लिए निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास बघेल द्वारा सभी शिक्षकों को निर्धारित समयावधि का कड़ाई से पालन हेतु निर्देशित किया गया। बोर्ड परीक्षा परिणामों को बेहतर करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उसको क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। साथ ही माह दिसम्बर तक कोर्स पूर्ण करने हेतु कहा गया है। जिन छात्रों की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने की संभावना है ऐसे छात्रों का चिन्हांकन करते हुए उनके पालकों से संपर्क कर राजनांदगांव में आवासीय प्रशिक्षण हेतु अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिये।



## निधन

अरूण झा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सहदेव नगर निवासी श्री अरुण झा पिता श्री सहदेव झा का निधन 18 नवंबर रात्रि 3:00 बजे हो गया वह पिछले कुछ महीनो से बीमार चल रहे थे वह एक सफल किसान थे और महाराज के नाम से प्रसिद्ध थे अरुण झा भाजपा नेता अशोक चौधरी के मामा थे और पूर्व महापौर नरेश डाकलिया के परम मित्र थे 19 तारीख दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंडरी के उनके कृषि भूमि पर उनका अंत्येष्टि किया गया।

# बिजली कटौती पर झूठी राजनीति कर रही कांग्रेस : अंकित गढ़वाल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजयुमो नेता अंकित गढ़वाल ने कांग्रेस की ओर से की जा रही पुतला दहन की राजनीति और राजनांदगांव कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की बयानबाजी और पुतला दहन को आड़े हाथों लिया। गढ़वाल ने कहा कि कांग्रेस बिजली कटौती के नाम पर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।गढ़वाल ने कहा, कांग्रेस के कार्यकाल में बिजली संकट और कटौती की समस्या चरम पर थी, जिससे जनता त्रस्त थी। आज जब भाजपा सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और बिजली आपूर्ति निर्बाध हो रही है, तब कांग्रेस अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए अर्नगल बयानबाजी और झूठे मुद्दे उठाकर ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

**पुतला दहन को बताया हताशा का प्रतीक:** अंकित गढ़वाल ने कांग्रेस द्वारा डॉ. रमन सिंह का पुतला जलाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। गढ़वाल ने कुलबीर सिंह छाबड़ा के बयान को नकारात्मक राजनीति की मिसाल बताते हुए कहा, कांग्रेस के पास अपनी नाकामियों का कोई जवाब नहीं है। जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया, और अब वे इस तरह की बचकानी हरकतों से अपनी खोई साख वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजयुमो नेता श्री गढ़वाल ने कांग्रेस से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि जनता इन घटनाओं का जवाब आगामी चुनाव में जरूर देगी।

## खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, फर्म सीताराम गौरीशंकर के गोदाम में 864 क्विंटल धान जप्त

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिले के भीतर अवैध भण्डारित धान की जांच की जा रही है, इसी जांच के दौरान बांधाबाजार तहसील अं.चौकी के फर्म सीताराम गौरीशंकर खण्डेलवाल के गोदाम की जांच की गई। गोदाम में 2063 बोरी में 864 क्विंटल धान रखा हुआ पाया गया। जिसके संबंध में फर्म के मुनीम से दस्तावेज मांगा गया। मुनिम के द्वारा दस्तावेज न होने की जानकारी दी गई। दस्तावेज न पाये जाने के कारण संपूर्ण धान 864.00 क्विंटल को मंडी अधिनियम के तहत जप्त कर फर्म के मुनीम के सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त कार्यवाही में खाद्य अधिकारी श्री आशीष रामटेके, सहायक खाद्य अधिकारी श्री संजय कौशिक, खाद्य निरीक्षक श्री विश्वनाथ, श्री हेमंत नायक उपस्थित थे।



# सिन्हा समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह संपन्न

## शासकीय पदों पर चयनित युवाओं का किया गया सम्मान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को स्थानीय सिन्हा सामुदायिक भवन प्रागंण में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शासकीय सेवा में चयनित समाज के युवक युवतियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की आराध्य देवी माता बहादुर कलारिन तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र के समक्ष दीप प्र%जवलन तथा पूजन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा ने की। बतौर विशेष अतिथि जिला निवार्चन अधिकारी चंद्रिका सिन्हा रायपुर, पूर्व जिला संरक्षक गंगाप्रसाद सिन्हा, जिला महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, पूर्व नपं अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा, रायपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष भूषण सिन्हा सहित समस्त तहसीलों के मंडलेश वरगण उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यअतिथि दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है, इसलिए सभी समाज में शिक्षा को विशेष महत्व देते हुए अपने ब%चों को उगा से उगातर शिक्षा दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक रूप से अनेक प्रकार की गतिविधियां समाज में चलते रहती है, लेकिन अब समय आ गया है कि समाज रचनात्मक, राजनीतिक तथा नये कार्यों की ओर भी अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि निशि चत रूप से समाज के कार्यों में पिछले कुछ वर्षों में अनेक बदलाव हुए हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। उन्होनें प्रदेश द्वारा विगत दिनों घोषित पुलिस सेवा के परिणाम में सब इंस्पेक्टर पद सहित अन्य शासकीय पदों पर चयनित युवाओं को पूरे समाज की ओर बधाई देते हुए कहा कि वे समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनें, ऐसा प्रयास करें। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा व पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा ने अपने उद्‌बोधन में सभी को दीपपर्व की बधाई देते हुए सभी के उ%जवल भविष्य, सुखमय और समृद्ध जीवन की कामना की। समारोह के द्वितीय चरण में आगामी जिला चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों सहित आम स्वजातियों ने भी हिस्सा लिया। सभा में जिले के तीन स्थानों पर माता बहादुर कलारिन का मंदिर तथा मूर्ति स्थापना हेतु जिला कोष से 51 - 51 हजार रू. देने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवजी सिन्हा ने तथा आभार पूर्व जिला महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष हरिचंद सिन्हा, मंडलेश वर नाथूराम सिन्हा, भागवतराम सिन्हा, गजरू सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, उत्तम सिन्हा, मनोज सिन्हा, लक्ष्मण डड़सेना, राधेलाल सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, रमेश सोनवानी, हरप्रसाद सिन्हा, संजय सिन्हा, शिवकुमार डड़सेना, बहादुर सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, अनिता सिन्हा, गोविन्द सिन्हा, सुकदेव सिन्हा, ऐशुलाल सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, सुमन सागर सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, राम्हूराम सिन्हा, डीआर सिन्हा, मोहन सिन्हा, बंशीलाल सिन्हा, थनवार सिन्हा, पवन सिन्हा, बीएल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्वजातिय उपस्थित थे।



**निम्न युवाओं का किया गया सम्मान**

सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा में चयनित समाज के अनेक युवक युवतियों को पूरे समाज की ओर से सम्मान किया गया। इनमें कु. दीपशिखा सिन्हा आ. श्री मनोज सिन्हा चिखली राजनांदगांव, कु. कंचन सिन्हा आ. श्री सुरेश सिन्हा राजनांदगांव, मनीष सिन्हा आ. चंद्रभूषण सिन्हा खैरझिटी, खेमलाल सिन्हा आ. सादीराम सिन्हा ठेलकाडीह, मुकेश सिन्हा आ. शत्रुघन सिन्हा खैरझिटी तथा एयरफोर्स में चयनित नगर के होनहार स्वर्णिम सिन्हा आ. प्रेमलाल सिन्हा का प्रशस्ति पत्र, शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया।

## एसएलआरएम सेंटर में घोटाला करने वालों के खिलाफ जाँच करवाकर अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने की मांग सी.एम. एवं कलेक्टर से - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से यह कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का इस देश के सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान के तहत् पूरे देश में यह योजना जो लाई गई और जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आम जनता के मेहनत और पसीने की कमाई की राशि का टैक्स के रूप में कचरा एकत्रित करने के एवज में जो राशि देती है उसका जिस तरह से खुले आम जो भ्रष्टाचार राजनांदगांव नगर निगम में किया जा रहा है। इस पूरे मामले की जाँच करवाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं जिले के कलेक्टर से अनुरोध है कि, तत्काल निगम आयुक्त को इस पुरे मामले की सम्पूर्ण जाँच करवाकर दोषी निगम के भ्रष्ट्र अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जायें लाखों रूपयों की वित्तीय क्षति निगम के संबंधित विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के द्वारा मिली भगत कर जो शासकीय दस्तावेजों (रजिस्ट्रर)में कुटरचना कर वेतन में अमानत में खयानत करके निगम के शासकीय कोष को जो आर्थिक क्षति पहुंचाकर भ्रष्टाचार किया गया है जिसका समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है । जिससे निगम की महापौर की कलाई खुल गई है कि किस तरह निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल हो रहा है और महापौर पूरी तरह से चुप क्यों बैंठी है ? इसका जवाब शहर की जनता के सामने रखना होगा कि आखिर यह पूरा षडयंत्र किसके संरक्षण में हो रहा है। इसका खुलाशा शहर की आम जनता के सामने किया जाय।



# धर्म समाचार....

## मार्गशीर्ष माह में कब-कब है प्रदोष व्रत, इस शुभ मुहूर्त में करें महादेव की पूजा






सनातन धर्म में त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को सच्चे मन से करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी मनोकामना पूरी होती है। इस दिन महादेव की पूजा-अर्चना संध्याकाल में करने का विधान है। आइए जानते हैं कि मार्गशीर्ष माह में कब-कब किया जाएगा प्रदोष व्रत ?हर माह की कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना करने से जातक को जीवन में सभी प्रकार के दुख एवं संकट से मुक्ति मिलती है। साथ ही व्रत करने से विवाह में आ रही बाधा दूर होती है। आइए, मार्गशीर्ष माह में पड़ने वाले प्रदोष व्रत की तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं- पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के बाद मार्गशीर्ष का महीना शुरू हो जाता है। ऐसे में इस बार मार्गशीर्ष माह की शुरुआत 16 नवंबर से हो गई है। साथ ही इसका समापन अगले महीने यानी 15 दिसंबर को होगा। पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 28 नवंबर को सुबह 06 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी। इसके अगले दिन यानी 29 नवंबर को सुबह 08 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार 28 नवंबर को मार्गशीर्ष माह का पहला प्रदोष व्रत मनाया जाएगा। इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त शाम को 05 बजकर 24 मिनट से लेकर 08 बजकर 06 मिनट तक है। गुरुवार के दिन पड़ने के चलते यह गुरु प्रदोष व्रत कहलाएगा। मार्गशीर्ष माह का दूसरा प्रदोष व्रत दिसंबर में किया जाएगा।

### एक ऐसा मंदिर जहां दिन-रात जलती है ज्वाला, बेहद निराला है ये देवी मंदिर

ज्वाला देवी मंदिर को बेहद ही कल्याणकारी माना जाता है। यह हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में कालीधार पहाड़ी के बीच में स्थित है। यह धाम देवी ज्वाला को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि इस देवी धाम में एक बार दर्शन करने से सभी दुखों का अंत हो जाता है तो आइए इस पवित्र धाम की विशेषता के बारे में जानते हैं। भारत में मां दुर्गा के अनेकों धाम हैं, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। उन्हीं में से एक ज्वाला देवी मंदिर है, जहां एक बार दर्शन से भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण हो जाती है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में कालीधार पहाड़ी के बीच में स्थित ज्वाला देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। इस देवी धाम को ज्वालामुखी के नाम से भी जाना जाता है। जहां की अग्नि आज तक शांत नहीं हुई है। ऐसा कहा जाता है कि कलयुग में ही इस मंदिर की ज्वाला शांत होगी, जो लोग देवी की कृपा प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं, उन्हें इस मंदिर में अवश्य जाना चाहिए, जिसकी महिमा अपने आप में बहुत विशाल है, तो आइए इसके महत्वपूर्ण और रोचक तथ्यों के बारे में जानते हैं। बता दें, मां ज्वाला देवी के मंदिर का निर्माण राजा भूमि चंद ने करवाया था। इसके बाद 1835 में महाराजा रणजीत सिंह और राजा संसार चंद ने इसका पुनर्निर्माण करवाया था। आपको बता दें कि ज्वाला देवी मंदिर में बिना तेल और बाती के नौ ज्वालाएं सदियों से जल रही हैं, जो मां दुर्गा के 9 स्वरूपों का प्रतीक मानी जाती हैं। वहीं, मंदिर में जल रही ज्वाला के पीछे के कारणों को जानने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन इसके पीछे के सच को आज तक कोई नहीं जान पाया है। वैज्ञानिकों के लाख प्रयासों के बावजूद उनके हाथ कुछ नहीं लगा। हालांकि, इससे देवी भक्तों का विश्वास और भी अटूट हो गया है। कहते हैं कि इस दिव्य धाम में एक बार दर्शन से भक्तों की खाली झोली भर जाती है। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, कोहका और तेन्दूनाला का किया औचक निरीक्षण

## धान उपार्जन केन्द्र में कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री होने पर होगी कड़ी कार्रवाई, नोडल अधिकारी प्रतिदिन धान उपार्जन केन्द्रों में करें भौतिक सत्यापन





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर जिले में धान खरीदी का कार्य तेजी से चल रहा है। धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने वाले किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और इस कार्य की सतत निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इन नोडल अधिकारियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्र का सतत भ्रमण कर केन्द्र में उपलब्ध धान और बारदानों का सत्यापन भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिले के डोंगरगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, कोहका और तेन्दूनाला का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने समिति प्रबंधकों से धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, शौचालय, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ आर्द्रतामापी यंत्र के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ पहुंचकर धान विक्रय के लिए उपस्थित किसानों से चर्चा कर प्रशासन द्वारा द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि इस वर्ष कई स्थानों पर माहो कीट इत्यादि लगने के कारण उत्पादन में कुछ कमी आई है। कलेक्टर ने कहा कि किसान इन उपार्जन केन्द्रों में अपने वास्तविक उपज का विक्रय सुनिश्चित करें। उन्होंने समिति प्रबंधक को कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में किसी भी कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री नहीं होनी चाहिए। ऐसा होने पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में महिलाओं कृषकों के लिए अस्थाई शौचालय बनाने के निर्देश दिए। ग्राम बाकल के कृषक श्री टोकेश्वर साहू एवं श्री कौशल ने बताया कि समय पर उनका धान तौलाई कर लिया गया है। इस दौरान समिति प्रबंधक ने बताया कि अब तक इस केन्द्र में 5 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है और आज 39 किसानों का टोकन वितरित किया गया है, जो आज धान विक्रय करेंगे। धान उपार्जन केन्द्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी श्री वीके गणवीर को प्रतिदिन भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज डोंगरगांव के धान उपार्जन केन्द्र कोहका एवं तेन्दूनाला के औचक निरीक्षण के दौरान उपार्जित धान की गुणवत्ता, तौलाई के कार्य एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में किसानों से बातचीत की। किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि विगत दिनों विक्रय किए गए धान की राशि अंतरित हो गई है। कलेक्टर ने कहा कि किसान अपनी ऋण पुस्तिका किसी अन्य का न दें। उन्होंने रकबा समर्पण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। बताया गया कि धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में 7 किसानों का रकबा समर्पण हुआ है। वहीं धान उपार्जन केन्द्र तेन्दूनाला में 10 किसानों का रकबा समर्पण कराया गया है। धान उपार्जन केन्द्र तेन्दूनाला में 844 किसानों ने धान विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। करीब 77 किसानों ने 3 हजार 710 क्विंटल धान की बिक्री कर ली है। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी की जा रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी किया जा रहा है। जिले में 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। खरीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा पर्याप्त मात्रा में बारदाना प्रदाय किया गया है। किसानों को भुगतान शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिग के माध्यम से की जा रही है। जिले में कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है।

# भोथीपार खुर्द में मोर मयारू संगी




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा में चित्रागंद साहू परिवार में नामकरण संस्कार कार्यक्रम में रामायण भजन मंडली के साथ मोर मयारू संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्राम टेडेसरा आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव कुलबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव टिंकू साहू विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव धरती के श्रृंगार संचालक महेश्वर प्रसाद साहू उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजू खान लोक कलाकार कुंदन चंदाकर उपाध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव धर्मेन्द्र साहु ने साहू परिवार शुभकामनाएं दी छांबड़ा ने रामायण आयोजन के लिए रामायण मंडली को निरंतर जारी रखने अपील किया तथा मोर मायरु संगी छत्तीसगढ़ी लोक कला कलाकार छत्तीसगढ़ी लोक कला छत्तीसगढ़ विधा समाहित कार्यक्रम के लिए धन्यवाद प्रेरित किया चुम्मन साहू एवं रॉयल फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष एवं सभी सदस्य गण उपस्थित थे एवं जगेसर सिन्हा लिखन देवांगन विजय साहू सहित आसपास ग्रामीण जन उपस्थित रहे।


# प्रवीण खेडेलवाल का राजनांदगांव कैट के पदाधिकारियों ने हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रायपुर एयरपोर्ट पर आज बीजेपी के सांसद चांदनी चौक नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महामंत्री कैट प्रवीण खंडेलवाल जी का छत्तीसगढ़ व्यापार सम्मेलन एवं दीपावली मिलन बिलासपुर हेतु रायपुर आगमन हुआ। यहां छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में राजेश डागा राजनांदगांव जिला अध्यक्ष कैट एवं अमित खंडेलवाल उपाध्यक्ष राजनांदगांव जिला कैट ने इनका भव्य स्वागत किया। श्री प्रवीण खंडेलवाल जी बिलासपुर के व्यापार सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी। यहां एयरपोर्ट पर वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैट एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के अमर पारवानी जी उपस्थित थे। हवाई हड्डे से वे रायपुर स्थित राम मंदिर में श्री खेडेलवाल जी का सम्मान किया जाएगा। फिर कल सुबह वे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे।

# गणेश जी के स्वरूपो की तरह जीवन जिया तो जीवन में कभी असफल नही हो सकते- विष्णु अरोड़ा

## गणेश जी के आंख, कान, नाक, जिवहा, पेट, व कंठ की तरह की जिया तो आपके जीवन में शिव परिवार साथ साथ होगा



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के मां दंतेष्वरी मंदिर पहाड़ी पर रविवार से प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद शिवमहापुराण कथा में प्रतिदिन धर्म अनुरागियो की भीड़ कथा का आनंद उठाने जुट रही है। कथा के चतुर्थ दिवस मध्यप्रदेश रतलाम से पधारे कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी ने कहा की हमे जीवन प्रथम पूज्य गणपति भगवान श्री गणेश के स्वरूपो की तरह ही जीना चाहिए। कथावाचक ने चतुर्थ दिवस भगवान षिव के पुत्र गणेश जी के स्वरूपो की महिमा का वर्णन करते हुए कहा की जीवन में यदि हम गणेश जी के स्वरूपो की तरह ही कार्य करे और उनके चरित्र का अनुसरण करे तो हमारी जीवन की साधना सफल हो जाएगी। और किसी भी कार्य में हम कभी असफल व निराश नही हो सकते है। नगरवासियो एवं समाजसेवी संस्था सृजन निकेतन द्वारा नगर में 17 नवंबर से आयोजित की गई श्रीमद शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन धर्म पंडाल शिवभक्तो व धर्मअनुरागियो से भरा रहा। कथा के चौथे दिन बुधवार का दिन एवं गणेष जी का विशेष दिन होने के कारण उन्होने धर्म मंच से कार्तिके, के स्थान पर प्रथम पूज्य श्री गणेश जी के जन्म की कथा सुनाई। धर्मप्रेमी श्रोता कथा में धर्ममंच से ऐसे जुड़े की जो सुनने बैठा वह अंत तक कथा से जुड़े रहा और आरती के बाद ही पंडाल से बिदा हुआ। कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने कथा के चतुर्थ दिवस भगवान रभ् गणेष जी के स्वरूपो का विस्तार से वर्णन किया।

**गणेश जी की तरह मस्तिष्क, आंख, कान, नाक रखे**

कथावाचक बालयोगी विशणु अरोडा जी ने भगवान षिव कथा के चौथे दिन गणेष जी के स्वरूपो व चरित्र का वर्णन किया। बालयोगी ने बताया की हमे गणेष जी के मस्तिश्क जैसी ही अपना माथा व दिमाग को बडा रखना चाहिए। जिससे हमे उनकी तरह ही बुद्वि प्राप्त हो और वैसे ही हम अपने विवेक का उपयोग कर सके स्वरूपो का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया की गणेष जी के आंख की तरह ही हमे हर चीज को छोटी नही बडी करके देखना चाहिए। किसी को भी हमे कम व छोटा नही आकना चाहिए। जबकि कान भी गणेष जी की तरह ऐसे रखनी चाहिए। की हम सुनी सुनाई व देखा देखी में भरोस न करे। गणेष जी की तरह सबकी सुने और केवल उपयोगी व लाभदायक बातो को ग्रहण कर षेश को सुपा की तरह बुहार दे। बालयोगी ने बताया की भगवान गणेष जी की सुंड ही उनकी नाक है। इसलिए उनकी तरह ही हमे नाक रखनी चाहिए ताकि हम जीवन में गणेष जी की तरह प्रतिश्ठा व सम्मान प्राप्त कर सफ्ल हो सके। बालयोगी ने कहा कर्म व आचरण जीवन में ऐसा हो की हमे गणेष जी तरह मान प्राप्त हो। कथावाचक अरोडा जी ने धर्मप्रेमियो को समझाया की गणेष जी की तरह ही हमारी जिवहा होनी चाहिए और हमारी वाणी में उनकी तरह ही संयम होनी चाहिए।

**कर्म ऐसे हो की हमे धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष प्राप्त हो**

कथा के चौथे दिन बालयोगी विशणु अरोडा जी ने कहा की मनुश्य की योनी हमे सौभग्य से प्राप्त हुई है। इसलिए जीवन में कर्म ऐसी होनी चाहिए की हमारे कर्म के माध्यम से धर्म, अर्थ व काम व मोक्ष की प्राप्ति हो। उन्होने बताया की गणेष जी के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए उनके स्वरूपो के वर्णन के दौरान हमे बताया की गणेष जी के चार हांथ धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष के प्रतीक है। उन्होने बताया की गणेष जी के हाथ में रखा लडडू मोदक संपदा का प्रतीक है। जबकि त्रिषुल के तीन षूल धर्म का प्रतिबिंब है।

**गणेश जी के दांतो की तरह ही विपदाओ से निपटे**

बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी ने शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन भगवान गणेश जी के स्वरूपो में दांत का वर्णन करते हुए कहा की जीवन में आने वाली बाधाओ व विपादाओ से हमे गणेश जी के दांत की तरह ही निपटना चाहिऐ क्योकि हाथी के दांत दिखाने के अलग और खापने के अलग होते है। उन्होने बताया की पहले तो दिखाने वाले दांतो की तरह ही समस्या सुलझाए। और जब न सुलझे तो फिर खाने की दांत की तरह ही अपनी बाधाओ को नष्ट कर दे। बालयोगी ने बताया की हमे गणेश जी की उदर या पेट की तरह अपनी पेट रखनी चाहिए। कहने का अर्थ तोंद से नही गणेश जी की तरह भारी से भारी बातो को हमे अपने उदर या अपनी पेट में ही पचा ले। बालयोगी गणेश जी के सवारी मूसकराज चूहा को तर्क वितर्क का प्रतीक बताया । उन्होने कहा की गणेश जी के साथ चूहा रहता है जिसे यह माना जाता है की वह खाने के साथ साथ सामग्रियो को क्षति भी



पहुचाता है। पर गणेश जी उन्हे कभी भी जीवन में हावी नही होने देते । इसलिए आप भी अपने जीवन में तर्क वितर्क को कभी हावी न होने दे।

**गणेश की तरह जिया तो रिद्धी सिद्धी भी साथ होगी**

शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी ने धर्म अनुरागियो को बताया की हमने यदि गणेश जी के स्वरूपो की तरह ही अपना जीवन जिया तो निश्चित मानिए आपके जीवन में रिद्धी व सिद्धी को आने से कोई रोक नही सकता है। यदि आपके जीवन में गणेश जी है और उनके साथ रिद्धी सिद्धी है तो यह तय मान लीजिए आपके साथ आपके जीवन में भगवान श्री शिव व माता पार्वती भी साथ होगी।

**मृत बुद्धि से नही जागृत बुद्धि से जीवन जीए**

बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने कथा के चौथे दिन भगवान श्री गणेश जी के स्वरूप् व चरित्र का वर्णन करते हुए बताया की आज लोग मुर्दा व मृत बुद्धि से जीवन जी रहे है। इसलिए जीवन में सबकुछ गड़बड़ व उल्टा पुल्टा हो रहा है और लोग समस्या से घिरे रहते है। कथावाचक से भक्तो को समझाया की हमे जागृत या जिंदा बुद्धि से कार्य करनी चाहिए। उन्होने बताया की जीवन की साधना सुनी सुनाई बातो व बंद आंखो से नही करनी चाहिए। बालयोगी ने बताया की बुद्धि जोड़ने वाली होनी चाहिए। तोड़ने वाली नही । बुद्धि को मलीन नही करना चाहिए।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com